an>

Title : Regarding pilot project for production of electricity and high-speed diesel from plastic waste –laid.

श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व): मैं सरकार का ध्यान प्लास्टिक के प्रयोग को पूर्ण रूप से समाप्त करने के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रभाई मोदी के संकल्प की ओर दिलाना चाहता हूं कि उन्होंने प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव को पहचानाऔर इस पर तुरंत अमल करते हुए इसके प्रयोग को बंद करने का निर्णय लिया । प्लाटिक 200 साल तक नष्ट नहीं होने वाली वस्तु है और जब हम इन्हें डम्पिंग ग्राउंड या जमीन पर फेंकते हैं तो विभिन्न माध्यमों से इसके जहरीले कण पुनः हमारे शरीर में वापस आ जाते हैं । यदि हम इससे पूर्ण रूप से छुटकारा पाना चाहते हैं तो हमें नॉन-रिसाईकल और नॉ-रियूज के सिद्धान्त पर कार्य करना होगा । अब ऐसी टेक्नोलॉजी आ गई है जिसमें प्लास्टिक के कचरे से बिजली या हाई स्पीड डीजल बनाया जा सकता है । इस कार्य में अन्य सूखे कचरे का भी उपयोग किया जा सकता है । इस नई तकनीक के द्वारा 950 डिग्री से 1200 डिग्री तक तापमान पर प्लास्टिक को जाया जाता है । जिससे इसमें मौजूद जहरीले पदार्थ छोटे-छोटे कणों में टूट कर फैल जाते हैं और बिजली/हाई स्पीड डीजल का निर्माण करते हैं ।

मेरा माननीय पर्यावरण मंत्री एवं शहरी विकास मंत्री से मांग है कि इस प्रकार के पाईटलेट प्रोजेक्ट को बढ़ावा दे और महानगरपालिका और राज्य सरकार को भी निर्देशित करे कि प्लास्टिक से बिजली और हाईस्पीड डीजल बनाने के पाईलट प्रोजेक्ट को स्वीकृत किया जाए ताकि स्वच्छ वातावरण का निर्माण हो और इसके द्वारा बिजली और हाइस्पीड डीजल बनाया जा सके ।